शैक्षणिक सत्र शुरू हुए एक महीना बीता, एक्सीलेंस स्कूल के छात्र-छात्राओं को अब तक नहीं मिलीं पुस्तकें

अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थी सबसे ज्यादा परेशान, बाजार से भी गायब किताबे, प्राचार्य ने बीईओ को लिखा पत्र

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। नया शैक्षणिक सत्र 2026-27 शुरू हुए लगभग एक महीना बीत चुका है, लेकिन शहर के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (एक्सीलेंस स्कूल) में पुस्तकों का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। विद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थी आज भी किताबों के अभाव में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। सरकारी स्तर पर आपूर्ति न होने के बाद जब विद्यार्थियों और अभिभावकों ने बाजार का रुख किया, तो वहां भी दुकानें खाली मिलीं। इस स्थिति से बच्चों की पढ़ाई का भारी नुकसान हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी (BEO) को एक मांग पत्र भेजा गया है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि सत्र 2026-27 में विद्यालय की दर्ज छात्र संख्या बढ़कर 1674 हो गई है, जिसके चलते बड़ी संख्या में अतिरिक्त पाठ्य पुस्तकों की तत्काल आवश्यकता है।

अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों पर सबसे बड़ी मार:

स्कूल में हिंदी के साथ-साथ अंग्रेजी माध्यम की

कक्षाओं का संचालन भी होता है, लेकिन इस बार अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों को किताबों की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। कक्षा 9वीं से 12वीं तक अंग्रेजी माध्यम के मुख्य विषयों जैसे गणित, विज्ञान, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, लेखाशास्त्र और अंग्रेजी साहित्य की किताबें न के बराबर उपलब्ध हैं। अभिभावकों का कहना है कि अंग्रेजी माध्यम का कोर्स बाजार में भी आसानी से नहीं मिल रहा, जिससे बच्चों का भविष्य अधर में लटक गया है।

कक्षा 9वीं से 12वीं तक इन किताबों की है भारी कमी:

प्राचार्य द्वारा भेजी गई सूची के अनुसार कक्षा 9वीं से 12वीं तक हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों के कई प्रमुख विषयों की किताबें कम पड़ गई हैं। जिनमें कक्षा 9वीं अंग्रेजी (बिहाइव व मूवमेंट), हिंदी (क्षितिज), गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान। वहीं कक्षा 10वीं हिंदी (क्षितिज), भूगोल, अंग्रेजी (फर्स्ट फ्लाइट व फुटप्रिंट्स), गणित और विज्ञान। कक्षा 11वीं भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, गणित, भूगोल, संस्कृत और लेखाशास्त्र/अर्थशास्त्र आदि है। इसके अलावा कक्षा 12वीं भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, गणित, भूगोल और संस्कृत है।

पढ़ाई पिछड़ने से चिंतित हैं छात्र और अभिभावक:

सत्र का एक माह बीत जाने के बाद भी किताबें न मिलने से विद्यार्थियों का पाठ्यक्रम पिछड़ रहा है। अभिभावकों का कहना है कि दुकानों पर भी किताबें न मिलना गंभीर विषय है। वहीं किताबो की उपलब्धता न होने की बजह से बच्चे अब किताबो की फोटो कॉपी कराने के लिए भी तैयार हो गए है, लेकिन उन्हें फोटो कॉपी कराने के लिए पीडीएफ फाईल भी नहीं मिल पा रहीं है।

इनका कहना है।

बच्चों की संख्या अधिक होने की बजह से किताबो की कमी आ गई, जिनमें हिन्दी मीडियम के बच्चों को कई किताबे नहीं मिलीं है, तो वहीं अग्रेजी मीडियम की किताबे भी कम है, बीईओ महोदय को पत्र लिखकर किताबे उपलब्ध कराने का अग्रह किया है। वहीं बच्चों को किताबे उपलब्ध कराने के लिए बाजार सहित अन्य स्कूलों में किताबे तलाशी जा रहीं है।

बीके बामौरिया, प्राचार्य
शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर।

1 किलो 200 ग्राम गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की है। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन और एसडीओपी विवेक कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना पुलिस ने एक आरोपी को 1 किलो 200 ग्राम अवैध गांजे के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार 26 जुलाई को चेकिंग के दौरान खालसा कॉलोनी स्थित महादेव मंदिर के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया। पूछताछ में उसने अपना नाम अजय चावला 46 वर्ष निवासी खालसा कॉलोनी अशोकनगर बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली, तो उसके पास से 1 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजा जब्त कर आरोपी के खिलाफ कोतवाली थाने में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। वैधानिक कार्यवाही पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जिला जेल भेज दिया गया है। इस कार्यवाही में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक रविप्रताप सिंह चौहान, उप निरीक्षक मनीष सिंह गुर्जर, प्रधान आरक्षक दिनेश कुशवाहा और आरक्षक पवन धाकड़ सहित अन्य पुलिसकर्मियों की सराहनीय भूमिका रही।

एक नजर में

बामोरीताल चोरी का फरार आरोपी गिरफ्तार

अशोकनगर। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में शाढौरा पुलिस ने बामोरीताल गांव में हुई बड़ी चोरी की वारदात का पूरी तरह खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में फरार चल रहे अंतिम आरोपी को गिरफ्तार कर शेष चोरी गया माल बरामद कर लिया है। इस मामले में अब तक 4 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं और कुल 13.35 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण, नकदी व दो मोटरसाइकिलें जब्त की जा चुकी हैं।

उल्लेखनीय है कि 15 जुलाई को बामोरीताल निवासी कृष्णाबाई रघुवंशी के सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने सोने-चांदी के जेवरात पार कर दिए थे। शिकायत पर शाढौरा थाने में अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की गई। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 24 जुलाई को तीन आरोपियों अमन पारदी, बृजपाल पारदी और नीरज पारदी को गिरफ्तार कर उनके पास से 12 लाख रुपये के आभूषण और एक बाइक जब्त की थी। मामले में फरार चल रहे 16 वर्षीय आरोपी रामकृष्ण पारदी निवासी सिंगवासा, गुना को पुलिस ने घेराबंदी कर एक मोटरसाइकिल के साथ हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने जुर्म स्वीकार कर लिया। आरोपी के मेमोरेंडम के आधार पर पुलिस ने उसके कब्जे से सोने की अंगूठी, चांदी की पायल, बिछिया और 15,000 रुपये नकद बरामद किए। कार्रवाई में शाढौरा थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील सिकरवार, साइबर सेल एसआई संजय गुप्ता, एएसआई जगदीश शर्मा व चंद्रपाल नामदेव की सराहनीय भूमिका रही।

समरसता संकल्प अभियान के तहत भाजपा की जिला कार्यशाला का आयोजन

अशोकनगर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650 वीं जयंती के उपलक्ष में सोमवार को स्थानीय होटल राजश्री पैलेस में समरसता संकल्प अभियान के तहत जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने कि इस दौरान उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी ने समाज को एक दिशा दी उन्होंने लोगों को धर्म से जोड़े रखा, उन्होंने समाज की एकता समरसता के लिए अपनों के बीच रहकर अपनों का अपमान तिरस्कार सहकर भी समाज को एक रखा। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने तमाम यातनाएं सही लेकिन अपना धर्म नहीं छोड़ा। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा सागर के पास 100 करोड़ की लागत से संत रविदास मंदिर, शोध संग्रहालय बनाया जा रहा है। जहां उनके जीवन पर आधारित शोध किया जाएगा। जिससे उनके बारे में अधिक जानकारी हो सके टोली के जिला संयोजक सत्येंद्र कलावत ने भी संबोधित कर संत रवि दास जयंती पर होने वाले आगामी संपूर्ण कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री डॉ शीला जाटव ने किया। इस दौरान जिला महामंत्री नरेश ग्वाल, राजेश पंथी, सत्येंद्र कलावत, घूमन सिंह आदिवासी अंत में आभार व्यक्त समरसता टोली के सदस्य जगन्नाथ सिंह पिप्पल ने किया।

वन विभाग की टीम पर लाठी-पत्थरों से हमला डिप्टी रेंजर सहित वन रक्षक गंभीर घायल

जान बचाकर भागते नजर आए वनकर्मी

वन विभाग की चौकी के पास काटी जा रहीं थी अवैध लकड़ी

नवभारत न्यूज

मुंगावली। सोमवार दोपहर में वन विभाग के अफसरों पर अवैध लकड़ी की कटाई करने वाले लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें दो डिप्टी रेंजर सहित वन रक्षक गंभीर घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इस जानलेवा हमले में वनकर्मी जान बचाते नजर आए और मौके से भाग खड़े हुए।

घटना सोमवार दोपहर ग्राम किरौला के जंगलों की बताई जा रही है, जहां बनी वन चौकी के पास की घटना है जहां बैलगाड़ियों से अवैध लकड़ी का कारोबार करने वाले लोग अवैध रूप से

लकड़ी की कटाई कर रहे थे, जिसकी सूचना वन विभाग को लगी तो डिप्टी रेंजर कमलेश बाथम टीम के साथ मौके पर पहुंचे जहां उनके द्वारा तीन बैलगाड़ियों को जप्त कर लिया गया, यह बात अवैध लकड़ी का कारोबार करने वाले को हजम नहीं हुई और उन्होंने पहले तो कुछ नहीं कहा मगर फोन लगाकर अपने अन्य साथियों को बुला लिया और जैसे ही उनके अन्य साथी आए तो उन्होंने बिना कोई बातचीत किए सीधा पत्थरों और लाठी से वन विभाग की टीम पर हमला कर दिया। इस हमले में डिप्टी रेंजर कमलेश बाथम और वन रक्षक पटेल गंभीर घायल हो गए है। वहीं डिप्टी रेंजर के पैर की हड्डी टूट गई, तो वहीं उनके पैर में गंभीर चोट आई है। वही वन रक्षक को पूरे शरीर में 8 से 10 जगह चोटें आई है। इस मामले के कई वीडियो भी सामने आए है जिसमें हमलावर पत्थरों के साथ दिखाई दे रहे है और 112 बुलाने की बात कहते नजर आ रहे है। वही पुलिस द्वारा खबर लिखे जाने तक कोई भी मामला दर्ज नहीं किया गया है, एसडीओपी सनम बी खान ने बताया कि हमने वन विभाग के रेंजर को कार्यवाही करने के लिए बुलाया है मगर वह आरोपियों को शिनाख्य की बात कह रहे है और नामदाज कार्यवाही कराने की बात कह रहे है।

आखिर, वन चौकी के पास कैसे हो रही थी अवैध कटाई:

इस पूरी घटना में सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा होता है कि जहां यह घटना घटी वहां वन विभाग की चौकी है जहां वन विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी तैनात रहती है और यह संभव नहीं लगता कि वन चौकी के पास कोई भी व्यक्ति अवैध रूप लकड़ी की कटाई करने लगे, क्योंकि यह घटना अपने आप में कई सवाल खड़े कर रही है जिसकी जांच होना चाहिए। वही पुलिस ने दो नामजद और 8 अन्य लोगों के खिलाफ शासकीय कार्य मे बाधा, मारपीट सहित बलवा की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

किशोरी विकास प्रशिक्षण शिविर का भव्य आयोजन, गांधी नगर में खुला संस्कार केंद्र

चंदेरी। सेवा भारती चंदेरी द्वारा सामाजिक जागरूकता और संस्कार निर्माण की दिशा में एक सशक्त पहल करते हुए सरस्वती विद्या मंदिर में किशोरी विकास प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विद्यालयों की कक्षा 9वीं से 12वीं तक की लगभग 200 छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम में प्रांत संगठन मंत्री सुरेन्द्र सिंह सोलंकी ने छात्राओं को अनुशासित जीवन, चरित्र निर्माण और स्पष्ट लक्ष्य तय कर राष्ट्र सेवा का संदेश दिया। एसडीओपी महेश शर्मा ने महिला सुरक्षा, आपातकालीन हेल्पलाइन और नशा मुक्ति पर जोर दिया, वहीं नगर निरीक्षक प्रशांत यादव ने गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा और साइबर सुरक्षा के प्रति सजग किया। खंड शिक्षा अधिकारी सुरभि जैन ने मोबाइल के विवेकपूर्ण उपयोग और समय प्रबंधन को सफलता की कुंजी बताया। वहीं कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष देशबंधु जैन ने छात्राओं को नैतिक मूल्यों व राष्ट्रहित में कार्य करने की शपथ दिलाई। इस आयोजन में उमानंद नामदेव, आशीष श्रोत्रिय, अवधेश तिवारी और ममता राजा बुंदेला सहित कई कार्यकर्ताओं का सराहनीय योगदान रहा।

गांधी नगर में संस्कार केंद्र का शुभारंभ:

सेवा कार्य की इसी श्रृंखला में गांधी नगर सेवा बस्ती में एक नवीन संस्कार केंद्र का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। अतिथियों ने बताया कि यह केंद्र वंचित वर्ग के बच्चों में नैतिक शिक्षा, अनुशासन और देशभक्ति विकसित करने का कार्य करेगा। शुभारंभ के अवसर पर बच्चों को बिस्कुट व टॉफियां बांटी गईं। विभाग समन्वयक प्रमोद यादव की प्रेरक उपस्थिति में आयोजित इस पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन भावना जी एवं ममता गुप्ता ने किया, जिसमें प्राचार्य जितेंद्र पाठक का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

अस्पताल की बदहाली पर कांग्रेस आक्रामक

दस दिन में चालू हो आईसीयू और ओटी

नहीं तो कांग्रेस करेंगी अनशन

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। जिला चिकित्सालय की चरमराती स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस पार्टी ने कड़ा रुख अपनाया है। नेता प्रतिपक्ष रितेश जैन आजाद और ब्लॉक अध्यक्ष शिवाजी सरगैया के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने अस्पताल पहुंचे और जमीनी हकीकत का जायजा लिया।

इस दौरान सुधीर शर्मा, हर्षवर्धन राय, राजू जाटव, ऋषिकेश शर्मा और बबलू खान सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल के सामने चौंकाने वाले तथ्य सामने आए, 15 दिन में ठीक होने वाला पुराना

आईसीयू (ICU) बीते दो महीनों से बंद पड़ा है, जबकि 3 महीने में तैयार होने वाला मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर (OT) 7 महीनों बाद भी अधूरा है। इस कारण प्रसूताओं को ऑपरेशन के लिए दूसरे अस्पताल का चक्कर लगाना पड़ रहा है, जिससे उन्हें अत्यधिक पीड़ा और जोखिम का सामना करना पड़ता है। बारिश के मौसम में मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण लोग गैलरी और फर्श पर इलाज कराने को मजबूर हैं, जिससे डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ भी भारी दबाव में हैं। अस्पताल की इस दुर्दशा पर आक्रोश जताते हुए कांग्रेस नेताओं ने सिविल सर्जन के नाम आरएमओ (RMO) डॉ. विपिन सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के जरिए चेतावनी दी गई है कि यदि अगले 10 दिनों के भीतर बंद पड़े आईसीयू और मॉड्यूलर ओटी को पूर्ण कर आम जनता के लिए शुरू नहीं किया गया, तो कांग्रेस पार्टी अस्पताल परिसर में उग्र अनशन शुरू करेगी।

शिक्षिका की शिकायत की निष्पक्ष जांच की मांग

संयुक्त मोर्चा ने रैली निकाल कर सौंपा ज्ञापन

प्राचार्य एवं लिपिक को हटाने की कहीं बात

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। उच्च माध्यमिक शिक्षिका गंगा रघुवंशी की शिकायत के मामले में मप्र अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने मोर्चा खोल दिया है। संगठन द्वारा कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी और प्रभावमुक्त जांच कराने की मांग की गई है।

कर्मचारी संगठनों ने चेतावनी दी है कि जब तक प्रभारी प्राचार्य महेंद्र रघुवंशी एवं लिपिक जयंत पटेल उसी विद्यालय में पदस्थ रहेंगे, तब तक उनके प्रभाव के कारण जांच प्रभावित होने की पूरी आशंका है। इसलिए निष्पक्ष जांच के लिए

दोनों को तुरंत विद्यालय से हटाकर अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए। साथ ही विद्यालय के सीसीटीवी फुटेज व अन्य संबंधित साक्ष्यों को सुरक्षित रखने की मांग की गई है। राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष संतोष शर्मा ने कहा कि कार्यस्थल पर किसी भी कर्मचारी, विशेषकर महिला शिक्षिका, को भय या मानसिक दबाव का सामना न करना पड़े, यह प्रशासन की जिम्मेदारी है। पहले आरोपियों को हटाकर स्वतंत्र जांच कराई जाए ताकि किसी दबाव की गुंजाइश न रहे। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि यह मामला किसी व्यक्ति विशेष का नहीं, बल्कि महिला कर्मचारी के सम्मान और कार्यस्थल की सुरक्षा से जुड़ा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भीम सिंह यादव, रामगोपाल शिवहरे, मनोज भटनागर, दिनेश गुप्ता, विनोद सेठी, रामबाबू रघुवंशी, जलकन गुर्जर, मनोज छारी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

मांग

रैली में 500 से अधिक गौभक्तों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

गाय को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग को लेकर गौसेवको ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय गौ सेवा परिषद द्वारा सोमवार को शहर में एक विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया। गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने की प्रमुख मांग को लेकर आयोजित इस रैली में 500 से अधिक गौभक्तों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

बाइक रैली का शुभारंभ युगल सरकार मंदिर से हुआ। शहर के प्रमुख मार्गों से

गुजरते हुए रैली कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंची। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करो और गौ संरक्षण, राष्ट्र संरक्षण के गगनभेदी नारों से जन-जागरूकता फैलाई। कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इसमें गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने, सख्त गौ-संरक्षण कानून बनाने और गौ-रक्षा को राष्ट्रीय प्राथमिकता देने की मांग की गई। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोलू यादव ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति, आस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। उन्हें राष्ट्र माता का सम्मान दिलाने के लिए यह अभियान देशभर में चलाया जाएगा। इस दौरान संस्थापक अभिषेक मोहरी, सह-संस्थापक राहुल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार यादव, संभाग अध्यक्ष राहुल चौधरी और सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी व नागरिक उपस्थित रहे। अंत में संगठन ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए गौ-सेवा और सम्मान के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

2 अगस्त को सर्व ब्राह्मण समाज प्रतिभा सम्मान समारोह

अशोकनगर। आगामी 2 अगस्त को आयोजित होने वाले सर्व ब्राह्मण समाज प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर सर्व ब्राह्मण धर्मशाला में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं और मेधावी छात्र-छात्राओं व विशिष्ट जनों के सम्मान से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. दीपक मिश्रा ने कहा कि इस वर्ष समाज की सभी उत्कृष्ट प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों और अभिभावकों से अपील की कि जिन प्रतिभाओं का नाम सम्मान सूची में शामिल कराया जाना है, वे समय सीमा के भीतर अपनी अंकसूची, पहचान पत्र (जैसे आधार), मोबाइल नंबर और विद्यालय का नाम अनिवार्य रूप से जमा करा दें। समाज के सचिव राजेश शर्मा ने कहा कि जिले की कोई भी योग्य प्रतिभा सम्मान से वंचित न रहे, इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समाज की प्रतिभाओं के साथ-साथ वरिष्ठ व विशिष्ट जनों का भी अभिनंदन किया जाएगा। हरिओम शर्मा और शशिकांत भार्गव ने समाज बंधुओं से कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए एकजुट होकर सहयोग करने का आह्वान किया।